राष्ट्रीय
सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण
देहरादून
मंगलवार ● 6 अक्टूबर ● 2020
पृष्ठ 14, वर्ष-13, अंक 4682, मूल्य ₹ 3.00

# डॉ. पंकज नौटियाल बेस्ट केवीके साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित

डा.पंकज नौटियाल।

उत्तरकाशी/एसएनबी। विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) के उत्तरकाशी जिले में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ के प्रभारी अधिकारी डॉ. पंकज नौटियाल को सोसाइटी ऑफ कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से प्रतिष्ठित पुरस्कार बेस्ट केवीके साइंटिस्ट (उद्यान) से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार उन्हें कृषि एवं औद्यानिकी के क्षेत्र में विशेषत: सेब एवं अमरुद पर किये गये उनके उल्लेखनीय शोध, प्रसार कार्यों एवं शोध पत्र लेखन के लिये दिया गया है। डा.पंकज ने अमरुद पर किये गये अपने शोध का पेटेंट भी प्रकाशित किया है। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी डॉ. नौटियाल के सफल नेतृत्व में कृषि विज्ञान केन्द्र चिन्यालीसौड़ को जोनल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कृषि विज्ञान केन्द्र के पुरस्कार से नवाजा गया है। डा. नौटियाल को पुरस्कार मिलने पर संस्थान के निदेशक, वैज्ञानिकों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ. गौरव पपनै, नीरज जोशी, रोहिणी खोब्रागडे, वरुण सुप्याल, ख्याली राम, रीतिका भास्कर व क्षेत्रीय जनता और जनपतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।